Hindi (Sub./Gen.)

सभी प्रश्नों के उत्तर दें।

LNMUonline.com

1. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए :** **40**
   (क) आदिकाल को वीरगाथा काल कहना कहाँ तक उचित है? समझाकर लिखिए।
   (ख) भक्तिकाल की निर्गुण-भक्ति-धारा की प्रमुख विशेषताओं का विवेचन कीजिए।
   (ग) भक्तिकाल में गोस्वामी तुलसीदास के महत्व का विवेचन कीजिए।
   (घ) रीतिकाल की राजनैतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर विचार कीजिए।
   (ङ) हिन्दी साहित्य में विद्यापति का स्थान निरूपित कीजिए।
   (च) प्रगतिवाद की प्रमुख विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दीजिए : 20
   (क) संस्कृत एवं हिन्दी के आचार्यों द्वारा दी गयी काव्य की परिभाषा को स्पष्ट कीजिए।
   (ख) काव्यगुण को परिभाषित करते हुए 'माधुर्य' गुण की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
   (ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो अलंकारों के लक्षण सोदाहरण लिखिए :
   (i) यमक (ii) उत्प्रेक्षा (iii) अर्थान्तरन्यास (iv) अतिशयोक्ति
3. निम्नलिखित में से किन्हीं चार लघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 20
   (क) नाथ साहित्य (ख) कीर्तिपताका (ग) पृथ्वीराज रासो (घ) जायसी (ङ) छायावाद (च) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी (छ) नागार्जुन (ज) प्रतिवस्तूपमा
4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 20
   (क) 'रामचरितमानस' के रचयिता कौन हैं?
   (ख) रामानन्द किस भक्तिधारा से सम्बद्ध हैं?
   (ग) सूरदास की भक्ति किस प्रकार की है?
   (घ) कबीर किसके शिष्य थे?
   (ङ.) विद्यापति का जन्म कहाँ हुआ था?
   (च) 'अति सूधो सनेह का मारग है' किसकी उक्ति है?
   (छ) आधुनिक युग में किस भाषा की जगह खड़ी बोली ने ले ली?
   (ज) 'प्रकृति के सुकुमार कवि' विशेषण किस कवि के लिए प्रयुक्त होता है?
   (झ) 'जुही की कली' किसकी रचना है?
   (ञ) 'आधुनिक युग की मीरा' किसे कहा जाता है?

LNMUonline.com